भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in


PUN.CAB.APTP.No. S434/ 09.06.002 /2025-2026 08 जुलाई 2025

प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यपालक अधिकारी
अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक

महोदया / महोदय,

**कृषि निर्यात पर राष्ट्रीय सम्मेलन**
**(21 और 22 अगस्त 2025)**

भारतीय रिजर्व बैंक, कृषि बैंकिंग महाविद्यालय (सीएबी), पुणे को **कृषि निर्यात पर राष्ट्रीय सम्मेलन** की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है, जो **21 और 22 अगस्त 2025** के दौरान **पुणे स्थित सीएबी परिसर** में आयोजित किया जाएगा।

**2.** "कृषि निर्यात वित्तपोषण में तेजी: नवाचार, नीति समर्थन, स्थिरता और हितधारक तालमेल" विषय पर शीर्षकयुक्त सम्मेलन का आयोजन इस उद्देश्य से किया गया है कि बैंकरों, वित्तीय संस्थानों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और व्यवसायियों जैसे विभिन्न हितधारकों के बीच विविध बातचीत के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके, ताकि कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए दृष्टिकोण, नीतियों और रणनीतियों पर चर्चा की जा सके। सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

क) कृषि मूल्य श्रृंखला को वैश्विक बाजार क्षमता के साथ संरेखित करना और किसानों की आय बढ़ाने के लिए निर्यात-उन्मुख पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में हितधारकों की भूमिका को समझना।

ख) नवीन वित्तीय दृष्टिकोणों के माध्यम से कृषि निर्यात को बढ़ाना।

ग) कृषि-निर्यात में तेजी लाने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप, नियामक और संस्थागत ढाँचे।

**3. सम्मेलन प्रतिनिधि:** सम्मेलन के महत्व और चर्चा किए जाने वाले मुद्दों की प्रासंगिकता को देखते हुए, आपसे अनुरोध है कि आप अपने संगठन से कृषि/कॉर्पोरेट वित्त, निर्यात वित्त आदि से जुड़े उपयुक्त वरिष्ठ अधिकारियों (उप महाप्रबंधक या समकक्ष और ऊपर) को प्रतिनियुक्त करें। **सम्मेलन में सहभागिता के लिए कोई सहभागिता शुल्क नहीं है** और सहभागिता केवल निमंत्रण के आधार पर ही होगी। आवास और भोजन संबंधी व्यवस्था सीएबी परिसर,

पुणे में की जाएगी। प्रतिनिधि कृपया सम्मेलन से पहले दिन की शाम को सीएबी को रिपोर्ट कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि ओवरस्टे तथा अतिथि के साथ आने की अनुमति नहीं है।

**4. नामांकन:** हम आपसे अनुरोध करते हैं कि कृपया संलग्न फॉर्म में प्रतिभागियों का विवरण 11 अगस्त 2025 तक nomination.ami@rbi.org.in पर अग्रेषित करें। सम्मेलन से संबंधित जानकारी के लिए आप कृपया सम्मेलन निदेशकों (डॉ के सुब्रमणियन ksubramanian@rbi.org.in 8778958990 और श्री. सचिन कांबले sachinkamble@rbi.org.in 7738181881) से संपर्क कर सकते हैं।

**5.** सम्मेलन कार्यक्रम आपको अलग से भेजा जाएगा।

| **महत्वपूर्ण तारीखें** | |
|---|---|
| **सम्मेलन की तारीखें** | 21 और 22 अगस्त, 2025 |
| **प्रतिनिधि विवरण प्राप्त करने की अंतिम तारीख** | 11 अगस्त 2025 |
| **कैब में रिपोर्टिंग** | 20 अगस्त 2025 शाम को |
| **सम्मेलन का समापन** | 22 अगस्त 2025 को 14.00 hrs बजे |

सादर



(डॉ के सुब्रमनियण)
उप महाप्रबंधक
सम्मेलन निदेशक
संपर्क: 8778958990

अनुलग्नक: यथोक्त



*भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वर्ष 1969 में ग्रामीण और सहकारी बैंकिंग में प्रशिक्षण इनपुट प्रदान करने के लिए कृषि बैंकिंग महाविद्यालय (सीएबी) की स्थापना की गई। इसके बाद, भारतीय वित्तीय क्षेत्र की बदलती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, महाविद्यालय द्वारा कृषि बैंकिंग, एमएसएमई वित्तपोषण, वित्तीय समावेशन और साक्षरता, मानव संसाधन और नेतृत्व आदि जैसे अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अपने दायरे का विस्तार किया गया। अकादमिक वर्ष 2021 से महाविद्यालय द्वारा चार फोकस एरिया (4C) यथा कॉर्पोरेट गवर्नेंस, साइबर सुरक्षा, उपभोक्ता संरक्षण और अनुपालन प्रबंधन की पहचान की गई हैं ताकि वित्तीय प्रणाली में मजबूती प्रदान करने और सेवा मानकों में वृद्धि करने के लिए बैंकरों तथा फाइनेंशियल प्रोफेशनलों की क्षमता निर्माण की जा सके। महाविद्यालय द्वारा विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रमों और अनुसंधान सम्मेलनों का भी आयोजन किया जाता है। इसी के साथ, महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के लिए उनकी आवश्यकतानुसार कस्टमाइज प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।*

*वर्ष 2015 से एमएसएमई वित्तपोषण के क्षेत्र में विशेषीकृत नैमकैब कार्यशालाएं आयोजित करने के लिए नोडल संस्थान के रूप में नामित किए जाने के साथ ही वर्ष 2021 में मिशन 'अवतु' के अंतर्गत साइबर सुरक्षा पर शहरी सहकारी बैंकों के विभिन्न स्टेकहोल्डरों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए महाविद्यालय को 'नोडल संस्थान' के रूप में नामित किया गया।*